Microsoft®

OneNote 2007 से OneNote 2010 में माइग्रेट करना

इस मार्गदर्शिका में

Microsoft OneNote 2010 में OneNote 2007 से बहुत भिन्नता दिखाई देती है, इसलिए सीखने की कठिनाइयों को कम करने में आपकी मदद के लिए यह मार्गदर्शिका बनाई. नए इंटरफ़ेस के मुख्य भागों को सीखने, निःशुल्क OneNote 2010 प्रशिक्षण ढूँढ़ने, टेम्पलेट्स कार्य फलक या विकल्प संवाद बॉक्स जैसी सुविधाओं को खोजने, जिन लोगों के पास अभी तक OneNote 2010 नहीं है उनके साथ नोट्स आदान प्रदान करना सीखने के लिए और उन्नत सुविधाओं पर पहुँच कैसे प्राप्त करें यह जानने के लिए पढ़ें.

त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी

यहाँ दिखाए गए आदेश हमेशा दृश्यात्मक होते हैं. आप इस उपकरण पट्टी में अपने पसंदीदा आदेशों को जोड़ सकते हैं.

रिबन टैब्स

मुख पृष्ठ

टैब के बटन या आदेशों को प्रदर्शित करने के लिए रिबन पर किसी भी टैब पर क्लिक करें.

रिबन समूह

टैग

प्रत्येक रिबन टैब में समूह शामिल हैं और प्रत्येक समूह में संबंधित आदेशों का एक सेट शामिल है. यहाँ, **टैग्स** समूह में नोट टैग्स के लिए लागू करने, परिवर्तित करने और खोजने के लिए आदेश शामिल हैं.

Backstage दृश्य

Backstage दृश्य में प्रविष्ट होने के लिए **फ़ाइल** टैब पर क्लिक करें, जहाँ आप अपनी नोटबुक्स खोल सकते, बना सकते, साझा, मुद्रित और प्रबंधित कर सकते हैं.



Backstage दृश्य से बाहर आने के लिए, किसी भी रिबन टैब पर क्लिक करें.



नया अनुभाग बनाएँ

वर्तमान नोटबुक में नया अनुभाग टैब्स जोड़ने के लिए **नया अनुभाग** बटन क्लिक करें.

अनफ़ाइल्ड नोट्स

जिसमें आपने अन्य प्रोग्राम से संग्रहीत किए हुए नोट्स हैं, वह विशेष अनुभाग खोलने के लिए नेविगेशन पट्टी के नीचे यह बटन क्लिक करें.

त्वरित खोज

खोज बॉक्स में वाक्यांश या कीवर्ड दर्ज करके आपके नोट्स में तुरंत सामग्री ढूँढ़ें.

प्रासंगिक रिबन टैब

कुछ टैब्स केवल आपकी आवश्यकता होने पर ही रिबन पर दिखाई देते हैं. उदाहरण के लिए, यदि आप तालिका शामिल करते हैं या उसका चयन करते हैं, तो आपको **तालिका उपकरण** दिखाई देंगे, जिसमें अतिरिक्त रिबन शामिल है, जिसे **लेआउट** कहा जाता है.

रिबन दिखाएँ

जब पहली बार आप OneNote 2010 प्रारंभ करते हैं तब आपके नोट में स्थान को अधिकतम करने के लिए रिबन छुपाई जाती है.

रिबन को किसी भी समय दिखाने या छुपाने के लिए यह चिह्न क्लिक करें या CTRL+F1 दबाएँ.

Microsoft® Office

© 2010 Microsoft Corporation द्वारा.

सर्वाधिकार सुरक्षित.

Microsoft®

OneNote 2007 से OneNote 2010 में माइग्रेट करना

OneNote 2010 से कैसे प्रारंभ करें

अगर आप लंबे समय से Microsoft OneNote का उपयोग कर रहे है, तो निस्संदेह आपके OneNote 2007 आदेश और OneNote 2010 में उपकरण पट्टी खोजने के बारे में प्रश्न होंगे.

हमारे पास OneNote 2010 सीखने में आपकी मदद के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और मेनू-से -रिबन मार्गदर्शिका सहित बहुत सारे निःशुल्क संसाधन उपलब्ध हैं. इन सामग्रियों को ढूँढ़ने के लिए मुख्य मेनू प्रोग्राम विंडो में **फ़ाइल** टैब पर क्लिक करें और फिर **मदद** पर क्लिक करें. उसके बाद, **सम**



खुलने वाले वेब पेज पर, अपनी रुचि वाले आइटम्स के लिंक्स पर क्लिक करें. विशेष रूप से, सहभागी मेनू-से-रिबन मार्गदर्शिका वस्तुतः समय बचाने वाली है. जब आप किसी भी One-Note 2007 आदेश पर क्लिक करते हैं तब यह दिखाता है कि OneNote 2010 में वह आदेश वास्तव में कहाँ स्थित है.

मेरे मेनू और उपकरण पट्टियाँ कहाँ हैं?

OneNote 2010 में, एक विस्तृत बैंड मुख्य प्रोग्राम विंडो के ऊपरी भाग को विस्तृत करता है. यह रिबन है और यह पुराने मेनू और उपकरण पट्टी को बदलती है. रिबन पर प्रत्येक टैब के अलग बटन और आदेश हैं, जो रिबन समूह में व्यवस्थित हैं.

आप जब OneNote 2010 खोलते हैं, तो रिबन का **मुख पृष्ठ** टैब प्रदर्शित होता है. इस टैब में OneNote के बार बार उपयोग किए जाने वाले आदेश शामिल हैं. उदाहरण के लिए, आपको टैब के बाईं ओर जो प्रथम चीज दिखाई देगी, वह **क्लिपबोर्ड** समूह है, जिसमें **चिपकाएँ**, **काटें** और **प्रतिलिपि बनाएँ** के लिए आदेश हैं, जिसमें **फ़ॉर्मेट पेंटर** भी है.



इस के आगे **मूल पाठ** समूह में, आपको पाठ को इटैलिक और बोल्ड बनाने के लिए आदेश मिलेंगे, जिसके बाद शीर्षक और मुख्य पाठ पर तेज़ी से पाठ स्वरूपण लागू करने के लिए आदेशों वाला **शैलियाँ** समूह मिलेगा.

रिबन आपके कंप्यूटर के स्क्रीन आकार और रिज़ॉल्यूशन में फ़िट करने के लिए उसके प्रदर्शन को समायोजित करती है. छोटे स्क्रीन पर, कुछ रिबन समूह केवल अपने समूह नाम प्रदर्शित कर सकते हैं, उसके आदेशों को नहीं. उस स्थिति में, आदेशों को दिखाने के लिए, केवल समूह बटन पर छोटे तीर पर क्लिक करें.

Microsoft®

OneNote 2007 से OneNote 2010 में माइग्रेट करना

वस्तुएँ जो आप ढूँढ रहे हैं

कुछ सामान्य और सुपरिचित चीज़ें, जिन्हें आप शायद OneNote 2010 में ढूँढ़ रहे हैं उन्हें ढूँढ़ने के लिए नीचे तालिका देखें. हालाँकि, यह सूची व्यापक नहीं है, प्रारंभ करने के लिए यह अच्छा स्थान है. OneNote 2010 आदेशों की पूर्ण सूची ढूँढ़ने के लिए, **फ़ाइल** टैब पर क्लिक करें, **मदद** पर क्लिक करें और फिर **प्रारंभ करना** पर क्लिक करें.

प्रति...	क्लिक करें...	और फिर इसमें देखें...
नोट्स खोलें, बनाएँ, साझा करें, कनवर्ट करें, निर्यात करें, भेजें या मुद्रित करें	फ़ाइल	Backstage दृश्य (इस दृश्य में बाईं ओर लिंक्स पर क्लिक करें)
पाठ में स्वरूपण लागू करें या नोट टैग्स लागू करें और ढूँढ़ें	मुख पृष्ठ	**मूल पाठ**, **शैलियाँ** और **टैग्स** समूह
तालिका, चित्र, लिंक्स, फ़ाइलें, ऑडियो और वीडियो या समीकरण सम्मिलित करें	सम्मिलित करें	**तालिका**, **छवियां**, **लिंक्स**, **फ़ाइलें**, **रिकॉर्डिंग** और **प्रतीक** समूह
ई-मेल में कोई पृष्ठ भेजें, नई या मौजूदा नोटबुक्स साझा करें	साझा करें	**ई-मेल** और **साझा नोटबुक** समूह
स्केच, हस्तलेखन या आकृतियाँ आरेखित करें या मिटाएँ, पेन्स अनुकूलित करें, पृष्ठ पर लेखन स्थान बनाएँ, ऑब्जेक्ट्स को घुमाएँ या इंक को पाठ में कनवर्ट करें	आरेखित करें	**उपकरण**, **आकार सम्मिलित करें**, **संपादित करें** और **कनवर्ट करें** समूह
वर्तनी जाँचें, खोज करें, पाठ अनुवादित करें या लिंक की गई नोट्स लें	समीक्षा करें	**वर्तनी**, **भाषा** और **नोट्स** समूह
स्क्रीन स्थान बड़ा करें, नियम पंक्तियाँ और पृष्ठ शीर्षक दिखाएँ या छुपाएँ, पृष्ठ और हाशिया आकार सेट करें, पृष्ठ ज़ूम करें या नए साइड नोट्स बनाएँ	दृश्य	**दृश्य**, **पृष्ठ सेटअप**, **ज़ूम** और **विंडो** समूह

Microsoft®

OneNote 2007 से OneNote 2010 में माइग्रेट करना

नया नोटबुक विज़ार्ड कहाँ है?

OneNote में, आप एक समय में एक से अधिक नोटबुक के साथ कार्य कर सकते है. OneNote 2010 में, OneNote 2007 के नये नोटबुक विज़ार्ड को Backstage दृश्य में स्थित सरल इंटरफ़ेस से बदल दिया गया है.

आरंभ करने के लिए, Backstage दृश्य खोलने के लिए **फ़ाइल** पर क्लिक करें और फिर **नया** पर क्लिक करें.

पहले, चयन करें कि आप आपकी नई नोटबुक कहाँ संग्रहीत करना चाहते हैं और फिर विवरणात्मक नाम (उदाहरण के लिए, "साप्ताहिक स्थिति रिपोर्ट्स" या "सोमवार की रात अध्ययन समूह") दर्ज करें. यदि आप अपनी नई नोटबुक अन्य लोगों के साथ साझा करने वाले हैं, तो सार्थक नोटबुक नाम चुनना विशेष रुप से महत्वपूर्ण है. आगे, चयन करें और सत्यापित करें कि चयनित स्थान में नई नोटबुक कहाँ संग्रहीत होनी चाहिए और फिर **नोटबुक बनाएँ** पर क्लिक करें.

उपकरण | विकल्प का क्या हुआ?

वे OneNote प्रोग्राम सेटिंग्स ढूँढ रहे हैं, जो आपको इन चीज़ों को नियंत्रित करने दे, जैसे कि पृष्ठ टैब्स कहाँ प्रदर्शित करना है, नोट कंटेनर प्रदर्शित किए गए हैं या नही, OneNote के बैकअप्स कहाँ सहेजना चाहिए या पासवर्ड कैसे लागू किए गए हैं?

फ़ाइल टैब पर क्लिक करें और फिर **विकल्प** पर क्लिक करें. यह **OneNote विकल्प** संवाद बॉक्स खोलता है, जहाँ आप अपनी OneNote सेटिंग्स और प्राथमिकताएँ अनुकूलित कर सकते हैं.



OneNote विकल्प संवाद बॉक्स में कुछ सेटिंग्स केवल OneNote पर ही लागू है. अन्य प्राथमिकताएँ (उदाहरण के लिए, रंग योजना) आपके द्वारा स्थापित अन्य सभी Microsoft Office 2010 प्रोग्राम्स पर लागू होंगी.

Microsoft®

OneNote 2007 से OneNote 2010 में माइग्रेट करना

आपके पसंदीदा आदेशों को पास में ही रखें



OneNote प्रोग्राम विंडो के उपर-बाएँ कोने में त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी उन आदेशों के शॉर्टकट्स उपलब्ध कराती है, जिन्हें आप हमेशा उपयोग करते हैं.

इस उपकरण पट्टी में बटन जोड़ कर, आप अपनी पसंद के आदेशों को दृश्यमान रख सकते हैं और हमेशा उपलब्ध रख सकते हैं, भले ही आप रिबन टैब्स से स्विच करें.

शॉर्टकट मेनू पर सूचीबद्ध किसी भी आदेश को चालू या बंद करने के लिए त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी के पास के ड्रॉप-डाउन तीर पर क्लिक करें. यदि आप जिस आदेश को जोड़ना चाहते हैं, वह सूची में दिखाया नहीं गया है, तो रिबन टैब पर जाएँ जहाँ बटन दिखाई देता है और फिर वहाँ उसे राइट-क्लिक करें. प्रदर्शित होने वाले शॉर्टकट मेनू पर, **त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी में जोड़े** पर क्लिक करें.



अपने रिबन टैब्स या समूह बनाएँ



आप जहाँ आदेशों को प्रदर्शित करना चाहते हैं, वहाँ रिबन समूहों में बटन रख कर, या अपने कस्टम रिबन टैब्स बना कर रिबन आदेशों को अनुकूलित कर सकते हैं.

किसी भी रिबन समूह पर राइट-क्लिक करें और फिर **रिबन अनुकूलित करें** पर क्लिक करें. **OneNote विकल्प** संवाद बॉक्स में, आप अपने टैब्स या समूहों पर आदेश जोड़ सकते हैं.

सभी पुराने OneNote आदेश रिबन पर प्रदर्शित नहीं होते हैं, लेकिन वे अभी भी उपलब्ध हैं. यदि इनमें से कुछ के बिना आपका काम नहीं हो सकता, तो आसानी से उन्हें रिबन या त्वरित पहुँच उपकरण पट्टी पर जोड़ें.

OneNote विकल्प संवाद बॉक्स में, **इससे आदेश चुनें** सूची में, **रिबन में आदेश नहीं** चयन करें. आगे, आपको जो आदेश चाहिए उसे ढूँढें और उसे कस्टम रिबन टैब या समूह में जोड़ें.

यदि आप ग़लती करें, तो घबराएँ नहीं. यदि आप फिर से डिफॉल्ट ("फैक्टरी") सेटिंग्स पर जाना चाहते हैं, तो आप **रीसेट करें** बटन का उपयोग कर सकते हैं.



Microsoft®

OneNote 2007 से OneNote 2010 में माइग्रेट करना

KeyTips का परिचय

OneNote 2010 रिबन के लिए शॉर्टकट्स प्रदान करता है, उसे KeyTips कहा जाता है, जिससे आप अपने माउस का उपयोग किए बिना तेजी से कार्य कर सकते हैं.

रिबन पर KeyTips दिखाने के लिए, ALT कुंजी दबाएँ.

आगे, अपने कुंजीपटल का उपयोग करके रिबन पर किसी टैब पर जाने के लिए, उस टैब के अंतर्गत प्रदर्शित अक्षर की कुंजी दबाएँ. ऊपर बताए गए उदाहरण में, **सम्मिलित करें** टैब खोलने के लिए आपको N दबाना होगा, **साझा करें** टैब खोलने के लिए S, **आरेखित करें** टैब खोलने के लिए D दबाना होगा, इत्यादि.

इस प्रकार आप एक बार किसी रिबन पर स्विच करते हैं तब उस टैब के लिए उपलब्ध सभी KeyTips स्क्रीन पर प्रदर्शित होती हैं. बाद में आप जो आदेश उपयोग करना चाहें, उसकी अंतिम कुंजी दबाकर अनुक्रम को पूर्ण कर सकते हैं.

किसी अनुक्रम में होने पर एक स्तर पीछे जाने के लिए ESC कुंजी दबाएँ. किसी पंक्ति में एकाधिक बार ऐसा करने से KeyTips मोड रद्द हो जाता है.

बहुत से OneNote 2007 कुंजीपटल शॉर्टकट्स अभी भी OneNote 2010 में उपलब्ध हैं. उदाहरण के लिए, CTRL+F अभी भी खोज बॉक्स को सक्रिय करता है और ALT+SHIFT+RIGHT ARROW अभी भी चयनित पाठ को दाएँ इंडेंट करता है.

OneNote 2010 कुंजीपटल शॉर्टकट्स के लिए, OneNote में होने पर F1 दबाएँ, फिर OneNote मदद में "कुंजीपटल शॉर्टकट्स" खोजें.

Live Sharing सत्रों का क्या हुआ?

अनेक नई सुविधाओं के कारण OneNote 2007 में प्रस्तुत की गई Live Sharing सत्र सुविधा को बंद कर दिया गया है और OneNote 2010 में साझा नोटबुक्स में सुधार किए गए हैं.

जहाँ आपको IP पतों, अस्थायी पासवर्ड और विशेष नोट-लेने वाले समय के साथ कार्य करने के लिए Live Sharing सत्रों की आवश्यकता है वहाँ OneNote 2010 आपको आभासी रूप में कहीं से भी – यहाँ तक कि किसी मानक वेब ब्राउज़र से भी आपकी नोटबुक्स साझा करने देता है और उसका उपयोग अधिक सरलता से करने देता है.

साझा नोटबुक्स के लिए, OneNote 2010 साझा नोट्स को ऑफ़लाइन संपादित करने और बाद में सिंक्रनाइज़ करने, अपठित नोट्स को हाइलाइट करने, लेखक की जानकारी दिखाने, लेखक के आधार पर खोजने, पृष्ठों का संस्करण इतिहास प्रदर्शित और प्रबंधित करने और हटाए गए नोट्स को पुनर्प्राप्त करने के लिए रीसायकल बिन का उपयोग करने की क्षमता का परिचय देता है.

इस सुविधाओं का उपयोग आरंभ करने के लिए, रिबन पर **साझा करें** टैब पर क्लिक करें.



Microsoft®

OneNote 2007 से OneNote 2010 में माइग्रेट करना

जिन लोगों के पास अभी तक OneNote 2010 नहीं है उनके साथ कार्य कैसे करें

OneNote 2010 नोटबुक्स जानकारी संग्रहीत करने के लिए नये फ़ाइल स्वरुप का उपयोग करता है. यदि आप जिन लोगों साथ कार्य कर रहे हैं वे OneNote के अलग संस्करण का उपयोग कर रहे हैं, तो चिंता न करें – आप OneNote 2010 में अभी भी पुरानी नोटबुक्स को खोल सकते और संपादित कर सकते हैं और आपकी फ़ाइलों को जिनके पास अभी तक OneNote 2010 नहीं हैं उनके साथ साझा कर सकते हैं.

OneNote 2010 में...	क्या होता है?	मुझे क्या करना चाहिए?
आप OneNote 2007 में बनाई गई किसी नोटबुक को खोलें.	OneNote 2010 प्रोग्राम विंडो में, आपको शीर्षक पट्टी पर **[संगतता मोड]** शब्द दिखाई देंगे. मीटिंग नोट्स [संगतता मोड] - Microsoft OneNote यह आपको बताता है कि आप OneNote 2010 में होने पर भी, पुराने फ़ाइल स्वरूप में तकनीकी रुप से कार्य कर सकते हैं और यह कि आप जब तक उस फ़ाइल को OneNote 2010 फ़ाइल स्वरुप में कनवर्ट नहीं करते, तब तक नई OneNote 2010 सुविधाएँ जैसे कि गणित समीकरण, लिंक किए गए नोट्स, बहु-स्तर उपपृष्ठ, वर्ज़निंग और रीसायकल बिन का उपयोग नहीं कर सकेंगे.	संगतता मोड से बाहर आने के लिए और 2007 फ़ाइल को नये OneNote 2010 स्वरुप में कनवर्ट करने के लिए, **फ़ाइल** टैब पर क्लिक करें और फिर **जानकारी** पर क्लिक करें. जिसे आप कनवर्ट करना चाहते हैं उस नोटबुक के लिए **सेटिंग्स** बटन पर क्लिक करें और फिर **गुण** पर क्लिक करें. खुले **नोटबुक गुण** संवाद बॉक्स में, **2010 में कनवर्ट करें** बटन पर क्लिक करें. पुरानी नोटबुक कनवर्ट करने से पहले, स्वयं से पूछें कि क्या आपको अभी भी उन लोगों के साथ सहभागिता करने की आवश्यकता है जो अभी भी OneNote 2007 का उपयोग करते हैं या यदि नोटबुक अन्य लोगों के साथ पहले से ही साझा है. यदि उत्तर हाँ में है, तो हो सकता है कि आप संगतता मोड में कार्य करना जारी रखना चाहें.
आप नये OneNote 2010 स्वरूप में नई नोटबुक बनाएँ या आप किसी पुरानी नोटबुक को OneNote 2010 स्वरुप में कनवर्ट करें.	यदि कोई OneNote 2007 प्रोग्राम का उपयोग नये OneNote 2010 स्वरुप में सहेजी गई नोटबुक को खोलने के लिए करता है, तो एक त्रुटि संदेश उन्हें बताएगा कि नोटबुक OneNote के नवीन संस्करण में बनाई गई है. वे नोटबुक देखने या संपादित करने में सक्षम नहीं होंगे.	अपनी नोटबुक भेजने या साझा करने से पहले नोटबुक को पुराने OneNote 2007 स्वरुप में कनवर्ट कर सकते हैं या आप अपने सहयोगियों से OneNote 2010 में नवीनीकृत करने की अनुसंशा कर सकते हैं. यदि आपके सहयोगी किसी कारण से OneNote 2010 में नवीनीकृत नहीं कर सकते हों, तो वे OneNote 2010 का निःशुल्क परीक्षण संस्करण डाउनलोड कर सकते हैं. यह उनको सीमित समय के लिए OneNote 2010 नोटबुक्स संपादित करने देता है और सभी OneNote फ़ाइलों को अनिश्चित समय तक देखने की सुविधा देता है. सभी Office 2010 प्रोग्राम्स के परीक्षण संस्करण Office.com पर उपलब्ध हैं.
अपने दस्तावेज को OneNote 2007 फ़ाइल के रुप में सहेजें.	यदि कोई OneNote 2010 प्रोग्राम का उपयोग करके OneNote 2007 स्वरुप में सहेजी गई नोटबुक को OneNote 2007 में खोलने का प्रयास करता है, तो नोटबुक सामान्य रुप से खुलेगी – आगे कोई कनवर्ज़न की आवश्यकता नहीं होगी.	आवश्यक रुप से, आपको कुछ भी नहीं करना पड़ेगा. हालाँकि, यदि आप पुराने OneNote 2007 स्वरुप में कार्य कर रहे हैं, तो यह याद रखें कि नई OneNote 2010 सुविधाएँ जैसे गणित समीकरण, लिंक किए गए नोट्स, बहु-स्तर उपपृष्ठ, वर्ज़निंग और रीसायकल बिन उपलब्ध होंगे.